>

Title: Regarding alleged irregularities in coal mining under Western Coal Fields Limited in Chandrapur, Maharashtra - Laid

श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक): मेरे संसदीय क्षेत्र रामटेक, महाराष्ट्र के आसपास डब्ल्यूसीएल की कोयला खदानें हैं । इससे प्रतिदिन लाखों टन कोयला खनन किया जाता है तथा इस कोयले की कथित रूप से काले बाजार में बड़े पैमाने पर तस्करी की जा रही है । कोयले की चोरी हो रही है । डब्ल्यू.सी.एल. में कथित रूप से कोयला व्यापारियों की एक टोली के माध्यम से लाखों रूपये की हेराफेरी की जा रही है जिसके कारण सरकार के राजस्व को करोड़ों रूपयों का चूना लग रहा है । कुछ दिनों पहले जिले भर में कोयला व्यावसायियों पर आयकर विभाग के द्वारा छापेमारी की गई थी, जिसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के मामले उजागर हुए थे । इतने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होना कोई आम बात नहीं है । इसमें कई अन्य अधिकारी भी शामिल हो सकते है । एक तरफ दिखाया जाता है । कि डब्ल्यू.सी.एल घाटे वाला सार्वजनिक उपक्रम है, वहीं दूसरी ओर इसमें भ्रष्टाचार की खबर पर यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया और भ्रष्टाचार को रोका नहीं गया तो आने वाले समय में यह कम्पनी बंद करनी पड़ेगी । इस पर अंकुश लगाने और इसकी सीबीआई के माध्यम से उचित जांच करने की जरूरत है ।

अतः सरकार से अनुरोध है कि वेस्टर्न कोल फील्डस द्वारा संचालित सभी खदानों में खुले आम चल रहे कथित भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच की जाये एवं दोषी अधिकारी को दंडित किया जाये । आशा करता हूं कि आप इस गंभीर विषय पर कार्यवाही करेंगे ।